भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1973
उत्तर देने की तारीख 11 फरवरी, 2026

भारत दूरसंचार निगम लिमिटेड के मोबाइल उपभोक्ता

1973. डॉ. एम. के. विष्णु प्रसादः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) देश में भारत दूरसंचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के मोबाइल उपभोक्ताओं की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान उपभोक्ताओं की संख्या में दर्ज की गई वृद्धि के प्रतिशत का ब्यौरा क्या है;
(ग) उपभोक्ताओं की प्रतिशतता के संबंध में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के टेलीफोन/मोबाइल टावरों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और
(घ) बीएसएनएल नेटवर्क सेवाओं के लिए राज्य-वार 4जी/5जी सेवाओं को कब तक शुरू करेगा/पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) और (ख) देश में विभिन्न दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, जिनमें बीएसएनएल भी शामिल है, के उपभोक्ताओं का विवरण भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा समय-समय पर संकलित एवं प्रकाशित किया जाता है। यह विवरण ट्राई की वेबसाइट (https://www.trai.gov.in/release-publication/reports/telecom-subscriptions-reports) पर उपलब्ध है:

(ग) 31.12.2025 की स्थिति के अनुसार, बीएसएनएल के कुल 9,27,56,716 मोबाइल उपभोक्ता हैं तथा कुल 2,55,128 बीटीएस (2जी/3जी/4जी) संस्थापित किए गए हैं। प्रति बीटीएस 364 मोबाइल उपभोक्ता हैं।

(घ) आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप, बीएसएनएल ने पूरे भारत में संस्थापन हेतु स्वदेशी रूप से विकसित एक लाख 4जी साइट के लिए क्रय आर्डर दिया है। 4जी उपकरणों की आपूर्ति सितंबर 2023 से प्रारंभ हो चुकी है तथा 15.01.2026 की स्थिति के अनुसार, कुल 97,672 4जी साइट संस्थापित की जा चुकी हैं, और 95,511 साइट ऑन-एयर हैं। तकनीकी दृष्टि से, यह उपकरण 5जी में उन्नत करने योग्य हैं।

*****